# Best Practice 2023-24

राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन में प्रतिवर्ष होने वाले चैत्र नवरात्रे व शारदीय नवरात्रे के अवसर पर महाविद्यालय परिवार के शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग द्वारा एक पहल की गई है। इस पहल में महाविद्यालय के निकट स्थित डीगाधार मन्दिर में प्रसाद दिया जाता है। सत्र 2023-24 में

व 16 April 2024 के शारदीय व चैत्र नवरात्रों में भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसकी धनराशि शिक्षक व गैर-शिक्षक वर्ग से एकत्रित की गई। इस भण्डारे में महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग तथा सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

Principal
Government Degree College
Kumarsain, District Shimla, HP

10-08-2023

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कुमारसैन कॉलेज में लगाए 75 पौधे



**आवाज जनादेश कुमारसैन**

---

राजकीय डिग्री कॉलेज कुमारसैन में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान एनएसएस और इको क्लब के स्वयंसेवियों द्वारा संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 75 विभिन्न स्वदेशी रीठा,कचनार, देवदार,खुमानी किस्मों के पौधों का रोपण किया गया । इस कार्यक्रम का संचालन कालेज एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो० आशीष चौहान एवं इको क्लब की संचालक प्रो. डिम्पल ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। यह वृक्षारोपण कालेज के साथ लगते क्षेत्र में किया गया। कालेज के प्रिंसिपल डा. के.सी. कश्यप द्वारा अभियान की शुरूआत प्रथम वृक्ष लगाकर की गई। एवं छात्रों से यह आहवान किया गया कि वह न सिर्फ इन वृक्षों का रोपण करें, बल्कि इनकी देखभाल का दायित्व भी अपने कंधों पर लें, और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस कार्यक्रम में राजकीय डिग्री कॉलेज कुमारसैन के अध्यापक डा. भूषण आजाद भी उपस्थित रहे।

महाविद्यालय कुमारसैन में बुधवार को 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इसमें एनएसएस और इको क्लब के स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया।

महाविद्यालय के साथ लगते क्षेत्र में चूल्नी, रीठा, देवदार और कचनार के 75 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम ... और इको क्लब का संचालक प्रो. डिंपल ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। प्राचार्य डा. केसी कश्यप ने देवदार का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह न सिर्फ इन पौधों का रोपण करें, बल्कि इनकी देखभाल भी करते रहें। इस मौके पर प्राध्यापक डा. भूषण आजाद भी उपस्थित रहे।

DATE 09-08-2023
PAGE 145

राजकीय महाविद्यालय कुमारसैंण में 09-08-2023 को 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान NSS और Eco Club के स्वयंसेवियों द्वारा संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 75 विभिन्न स्वदेशी किस्मों के पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो॰ आशीष चौहान एवं Eco Club की संयोजिका प्रो॰ डिम्पल ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। वृक्षारोपण महाविद्यालय एवं नए महाविद्यालय के साथ लगते क्षेत्र में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा॰ के॰ सी॰ कश्यप द्वारा अभियान की शुरुआत स्वयं प्रथम वृक्ष लगाकर की एवं छात्रों से यह आवाह्न किया गया कि वह न सिर्फ इन वृक्षों का रोपण करें, बल्कि इनकी देखभाल का दायित्व भी अपने कंधों पर लें, और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यापक डा॰ भूषण आज़ाद भी उपस्थित रहे।

(signature)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय कुमारसैंण